# हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग

## चर्चा में क्यों?

राज्य स्तरीय कार्यक्रम '**विश्व उद्यमिता दिवस**' (**21 अगस्त**) के दौरान, जो कि **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (CCSHAU), हिसार** में आयोजित किया गया, हरियाणा के मुख्यमंत्री **श्री नायब सिंह सैनी** ने **हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग** की स्थापना की घोषणा की। इस आयोग का उद्देश्य पूरे राज्य में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और प्रशिक्षित करना है।

- वर्तमान में हरियाणा में **9,000 सक्रिय स्टार्टअप्स** हैं **(स्टार्टअप्स के मामले में 7वाँ सबसे बड़ा राज्य)**। **राज्य का लक्ष्य इस संख्या को तीन गुना बढ़ाकर 27,000** करना है, ताकि **हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्टअप्स के मामले में नंबर एक राज्य के रूप में स्थापित** किया जा सके।

## अन्य प्रमुख पहल

- **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस:** कौशल विकास के लिये 197 संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जाएँगे।
  - **ज़िला स्तरीय सेंटर:** हर ज़िले में **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल** के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जाएँगे, ताकि उद्यमशीलता कौशल का विकास किया जा सके।
- **मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान** योजना के तहत 2,000 छात्रों को उद्योगों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके साथ **मासिक ₹10,000 का भत्ता** भी प्राप्त होगा।
- हरियाणा के **वर्ल्ड स्किल्स ओलंपिक्स** विजेताओं को प्रत्येक को ₹10 लाख दिये जाएँगे और व्यवसाय के लिये अतिरिक्त सहायता प्राप्त होगी, जबकि जो व्यवसाय नहीं करेंगे उन्हें **कौशल प्रशिक्षक** के रूप में नियुक्त किया जाएगा।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने **एग्री बिज़िनेस इनक्यूबेशन सेंटर, CCSHAU, हिसार** के 22 स्टार्टअप्स को 1.14 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्रदान किया।
- प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान और प्रशिक्षण के लिये **ओपन स्किल प्रतियोगिताएँ** प्रतिवर्ष ज़िला और राज्य स्तर पर आयोजित की जाएँगी।

## विश्व उद्यमिता दिवस

- प्रत्येक वर्ष 21 अगस्त को **विश्व उद्यमिता दिवस (World Entrepreneurship Day)** उन **दूरदर्शियों को सम्मानित करता है जो विचारों को उद्यमों में बदलते** हैं, नवाचार को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, रोज़गार सृजित करते हैं और अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करते हैं।
- यह **साहस (courage), रचनात्मकता (creativity) और समुत्थानशीलता (resilience) का वैश्विक उत्सव है,** जो उद्यमिता की सभी रूपों को परिभाषित करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-rajya-udyamita-ayog